भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †3764

सोमवार, 16 मार्च, 2026/25 फाल्गुन, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

कारवां पर्यटन को बढ़ावा देना

†3764. श्री तंगेला उदय श्रीनिवासः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में कारवां पर्यटन और कारवां कैंपिंग पार्क को बढ़ावा देने और विनियमित करने के लिए कोई नीति या दिशा-निर्देश तैयार किए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कौन से राज्यों और गंतव्यों को चिह्नित किया गया है, वित्त पोषण पैटर्न क्या है, आवंटित बजट कितना है और कार्यान्वयन एजेंसियां कौन सी हैं;

(ग) क्या सरकार यह स्वीकार करती है कि कारवां पर्यटन के अंतर्गत गुणवत्ता और सुरक्षा मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए, विशेषकर दूरदराज के क्षेत्रों, जंगलों, रेगिस्तानों, समुद्र तटों और नदियों के किनारे तटीय, पारिस्थितिकी, साहसिक और वन्यजीव पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है;

(घ) कारवां पार्कों और संचालकों के लिए निर्धारित मानकों, सुरक्षा नयाचार और पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान कारवां अवसंरचना के विकास के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का राज्य-वार और काकीनाडा सहित आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(च) क्या आंध्र प्रदेश में किसी कारवां पर्यटन परियोजना को मंजूरी दी गई है; और

(छ) यदि हाँ, तो स्थलों, कार्यान्वयन एजेंसियों और अपेक्षित रोजगार सृजन सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (छ): कारवां पर्यटन सहित पर्यटक स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है।

पर्यटन मंत्रालय, 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह केन्द्रीय वित्तीय सहायता दिशानिर्देशों के अनुसार और राज्य सरकारों तथा संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त प्रस्तावों/विस्तृत परियोजना रिपोर्टों के आधार पर दी जा रही है।

पर्यटन मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में कारवां पर्यटन संबंधी किसी परियोजना के लिए सहायता प्रदान नहीं की है। आंध्र प्रदेश में स्वीकृत अवसंरचना संबंधी अन्य परियोजनाओं की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

****

अनुबंध

श्री तंगेला उदय श्रीनिवास द्वारा कारवां पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 16.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †3764 के भाग (क) से (छ) के उत्तर में **विवरण**

आंध्र प्रदेश राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**स्थिति**
क	**स्वदेश दर्शन 1.0**		
i	काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अडुरु - एस यानम - कोटिपल्ली का विकास (मार्च 2015)	67.83	पूर्ण
ii	नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमाडुगु जल प्रपात - नेलापट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास (दिसंबर 2015)	49.55	पूर्ण
iii	बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम - बाविकोंडा - बोज्जनकोंडा - अमरावती - अनूपु का विकास (सितंबर 2017)	35.24	पूर्ण
	कुल स्वीकृत राशि	**152.62**	
ख	**स्वदेश दर्शन 2.0**		
i	अरक्कू-लम्बासिंगी में बोर्रा केव एक्सपीरियंस (मार्च 2024)	29.88	जारी (32.31% भौतिक प्रगति)
ii	सूर्यलंका बीच एक्सपीरियंस, बापतला का विकास (मार्च 2025)	97.52	जारी (16.57% भौतिक प्रगति)
	कुल स्वीकृत राशि	**127.40**	
ग	**चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)**		
i	नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन (मार्च 2025)	25.00	जारी (21.27% भौतिक प्रगति)
ii	एक आध्यात्मिक यात्रा के रूप में अहोबिलम (मार्च 2025)	24.99	जारी (34.39% भौतिक प्रगति)

	कुल स्वीकृत राशि	**49.99**	
घ	**प्रशाद**		
i	पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास (जुलाई 2020)	27.77	पूर्ण
ii	श्रीसैलम मंदिर का विकास (अक्टूबर 2021)	43.08	पूर्ण
iii	विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम (दिसंबर 2022)	54.04	जारी (95.58% भौतिक प्रगति)
iv	अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास (दिसंबर 2024)	25.33	जारी (33.11% भौतिक प्रगति)
	कुल स्वीकृत राशि	**150.22**	
ङ	**पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)**		
i	गंडीकोटा में फोर्ट एवं गोर्ज एक्सपीरियंस का संवर्धन (नवंबर 2024)	77.91	जारी (49.16% भौतिक प्रगति)
ii	राजा महेंद्रवरम में अखंड गोदावरी- (हेवलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट)* (नवंबर 2024, दिसंबर 2025 में संशोधित संस्वीकृति)	94.44	जारी (31.78% भौतिक प्रगति)
	कुल स्वीकृत राशि	**172.35**	
च	**केंद्रीय एजेंसियों को सहायता**		
i	पुट्टापार्थी, आंध्र प्रदेश में साउंड एंड लाइट शो (नवंबर 2017)	7.08	पूर्ण
ii	विशाखापत्तनम पोर्ट के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ क्षेत्र में क्रूज-सह-तटीय कार्गो टर्मिनल का निर्माण (दिसंबर 2018)	38.50	पूर्ण
iii	तिरुपति रेलवे स्टेशन (फरवरी 2017)	5.75	पूर्ण
iv	ग्लास टॉप कोच: 1. विजाग-अरक्कू घाटी विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश (2017-18)	4.00	पूर्ण
	कुल स्वीकृत राशि	**55.33**	
	कुल केंद्रीय सहायता	**707.91**	

****